जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2013/505)**

दिनांक : 27.12.2013

## जयपुर–यशवन्तपुर–जयपुर (03 ट्रिप) स्पेशल रेल सेवा का संचालन

***वाया अजमेर, चित्तौड़गढ़, रतलाम, बडौदरा, पुणे, गुंटकल चलेगी***

आगामी शीतकालीन अवकाश एवं नववर्ष में यात्रियों की सुविधा हेतु **जयपुर–यशवन्तपुर– जयपुर (03 ट्रिप) स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन** किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जन सम्पर्क अधिकारी श्री कमल जोशी के अनुसार के अनुसार गाडी संख्या 06551, यशवन्तपुर–जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 29.12.13, 05.01.14 एवं 12.01.14 को** यशवन्तपुर से 10.45 बजे रवाना होकर मंगलवार को 10.35 बजे जयपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06552, जयपुर–यशवन्तपुर स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा **दिनांक 31.12.13, 07.01.14 एवं 14.01.14 को** जयपुर से 22.05 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 03.30 बजे यशवन्तपुर पहुँचेगी।

यह गाडी दोनों दिशाओं में कनकपुरा, फुलेरा, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नीमच, रतलाम, मेघनगर, दाहोद, बडौदरा, भरूच, सूरत, वापी, वसई रोड़, कल्याण, लोनावाला, पुणे, शोलापुर, गुलबर्गा, वादी, यदगिर, रायछूर, मंत्रलायम रोड, अदोनी, गुंटकल, बैलारी, रायादुर्ग, चित्रदुर्गा, जिकजाजूर, बिरूर, अरसीकेरे एवं टूमकुर स्टेशनों पर ठहराव करेंगी।

इस गाडी में 01 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 06 द्वितीय शयनयान एवं 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होगें।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**